तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

14 बारिश, तेज आंधी-तूफान से गिरे पेड़ों के डंगाल...

14 नगर के सितली नाला का हो रहा कायाकल्प ...




# महिला समूहों को मिलेगा उद्यानों के रखरखाव का दायित्व, सुधरेगा माहौल

**महिला सशक्तीकरण के साथ आएगी आर्थिक सबलता, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगेगा विराम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के उद्यानों की दुर्दशा पर एक विस्तृत समाचार से हुए ध्यानाकर्षण पर संज्ञान लेते हुए पालिका द्वारा शहर के अंतर्गत आने वाले उद्यानों के बेहतर रखरखाव के तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा यह दायित्व अब महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किए जाने की बात नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की है।

पालिकाध्यक्ष साहू ने बताया कि महिला समूहों को जिम्मेदारी दिए जाने से जहां उद्यानों की नियमित देखभाल, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित होगा, वहीं महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि परिषद की प्राथमिकता शहर के सभी उद्यानों को स्वच्छ, हरित एवं नागरिकों के लिए आकर्षक बनाना है।

### कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

निखिलकांत साहू ने प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर संभावनाओं का अध्ययन करें तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव परिषद के समक्ष प्रस्तुत करें। पालिकाध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि महिला समूहों की भागीदारी से उद्यानों के रखरखाव की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा नगर में हरित वातावरण के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी उद्यानों की स्वच्छता एवं संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।




बदहाल हुए नगर के उद्यान, मवेशियों एवं असामाजिक तत्वों का जमावड़ा


### असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगेगी लगाम

उद्यानों का रखरखाव महिला प्रभार में आने से यहां आसामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी विराम लगेगा। नशाखोरी का अड्डा बन चुके इन उद्यानों में महिला सदस्यों की तैनाती का सीधा असर दिखेगा और लोग महिलाओं की मौजूदगी में नशाखोरी और असभ्यता कारित करने से परहेज करेंगे।

## खबर संक्षेप

### लिफ्ट लेने वाले ने कर ली बाइक चोरी

**महासमुंद।** लिफ्ट लेकर बाइक चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सदानंद यादव पिता अंतर्यामी यादव (36 साल) राफेल ने बताया कि 26 मई को उसने बसना के झनक नायक को सरायपाली से लिफ्ट मांगने पर छुईपाली तक बाइक में बिठाकर लाया था। इस दौरान उसने छुईपाली ढाबा में उसे खाना खिलाया और जब मैं लघुशंका से वापस आया तो झनक थैले से उसकी पल्सर बाइक क्र. सीजी 06 एचएफ 0205 की चाबी निकालकर उसे चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बेलडीही मुख्य मार्ग के पास कच्ची मार्ग में शराब बेच रहे एक व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर विष्णु सिदार पिता डमरू सिदार (50 साल) बेलडीही बसना के कब्जे से हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब 20 लीटर कीमत 4000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ओडिशा निर्मित शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम बेलडीही मुख्य मार्ग के पास कच्चे मार्ग से एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा निर्मित महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस नेबताया कि आरोपी सुरेंद्र जगत पिता गाडाराय जगत (29 साल) बेलडीही के कब्जे से ओडिशा राज्य निर्मित चिड़िया छाप महुआ शराब 103 नग पाउच कुल कीमत 2884 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री बने हरदेव



**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने संगठन में विस्तार करते हुए हरदेव सिंह ढिल्लो को प्रभारी महामंत्री (प्रशासन) नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर राजेश जैन, हार्दिक सोना, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, राजू साहू, कमल प्रजापति, मृत्युंजय बोस, गोपी पाटकर, होशांत बघेल, दीपक पटेल आदि कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि नियुक्ति से संगठन को मजबूती और प्रशासनिक तौर पर मजबूती मिलेगी।

**अपराध: अलग-अलग इलाकों में शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी**

# खल्लारी क्षेत्र में दो स्थानों में मिली लाशें, मामले में जांच कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग जगहों पर दो शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि खल्लारी गांव में कुंदन साहू 32 वर्ष का शव उसके घर के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। कुंदन मजदूरी का काम करता था। परिजनों के अनुसार, वह 9 जून की रात गांव में आयोजित क्रिकेट मैच देखने गया था, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा था। 10 जून को उसे आंवराडबरी क्षेत्र में देखा गया था। गुरुवार सुबह उसका शव घर के पीछे मिला। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर बाहरी चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पुलिस उसके दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि पता चल सके कि वह आखिरी बार किसके साथ था।





### ओंकारबंद में अज्ञात युवक का शव

वहीं, दूसरी घटना ओंकारबंद गांव में हुई, जहां एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि मृतक के पैर में बिजली का तार चिपका हुआ था। शरीर पर अन्य कोई चोट नहीं मिली है। पुलिस को संदेह है कि युवक की मृत्यु करंट लगने के कारण हुई हो सकती है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है और सोशल मीडिया की मदद से भी जानकारी जुटाई जा रही है ताकि परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा मौत का कारण

पुलिस का कहना है कि दोनों ही मामलों में मृत्यु के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही दोनों मामलों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इन दो घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस स्थानीय निवासियों से इन मामलों के संबंध में पड़ताल कर रही है साथ ही लोगों से भी अपेक्षा जताई है कि इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी तत्काल पुलिस से साझा करें।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुईं बीएड बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बीएड और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए थे। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 2301 से 2312 तक के केंद्र शामिल थे। इस परीक्षा के लिए कुल 3036 पंजीकृत परीक्षार्थी थे, जिनमें से 2165 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 871 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं, बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 06 परीक्षा केंद्र क्रमांक 2313 से 2318 तक निर्धारित किए गए थे। इस परीक्षा में कुल 988 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 735 अभ्यर्थी शामिल हुए और 253 अनुपस्थित रहे।

### प्रशासन की अपील और सख्त निर्देश

जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा के एक दिन पूर्व ही अपने आवंटित परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने की अपील की थी ताकि परीक्षा के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया था कि अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है, ताकि फ्रिस्किंग और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। गपरीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व यानी सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया गया और इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया।

### प्रतिबंधित सामग्री और ड्रेस कोड

परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। परीक्षार्थियों को केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनने थे। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून और बैंगनी जैसे गहरे रंगों के वस्त्र पहनना पूरी तरह प्रतिबंधित था। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति दी गई थी। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पर्स, बेल्ट और टोपी जैसी सामग्री ले जाना वर्जित था। प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र (जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड) लाना अनिवार्य था। मूल पहचान पत्र के अभाव में प्रवेश नहीं दिया गया। उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले या काले बॉल पेन का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी।

## खरीफ सीजन की तैयारियों, खाद-बीज व्यवस्था और किसान हितैषी योजनाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने कार्यालय उप संचालक कृषि के सभा कक्ष में कृषि एवं समवर्गीय विभागों तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, आगामी खरीफ सीजन की कार्ययोजना एवं किसानों के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में अध्यक्ष चंद्रवंशी ने जिले के सभी सहकारी समितियों में किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित दर पर वितरण व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों के समग्र विकास के लिए फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा मैदानी स्तर पर किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। विभागीय कार्ययोजना में किसानों के सुझावों एवं समस्याओं को शामिल कर शासन स्तर पर भेजने कहा गया।

बैठक में खेत बचाओ अभियान के तहत रासायनिक खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने, दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने, किसानों को प्रशिक्षण देने और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। साथ ही सिंचाई व्यवस्था के विस्तार एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त संचालक कृषि एलआर खरे, उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरएल शर्मा, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सिंचाई विभाग, जिला विपणन संघ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं का सम्मान कार्यक्रम 14 को

**महासमुंद।** राज्यपाल छत्तीसगढ़ की मंशानुरूप अधिक से अधिक रक्तदान के लिए जन-जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 14 जून 2026 को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक आयोजित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के संरक्षण में किया जा रहा है। कार्यक्रम में संदीप दीवान सभापति (चेयरमैन), भूपेंद्र राठौर उपाध्यक्ष, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष, डॉ. आई नागेश्वर राव सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला रेडक्रॉस अधिकारी एवं राज्य प्रतिनिधि सहित रेडक्रॉस सोसायटी के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से सहभागी रहेंगे। कार्यक्रम में जिले के समाजसेवी, युवा, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं आमजन अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करेंगे तथा नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। मनोज पींचा संरक्षक सदस्य एवं डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला रेडक्रॉस अधिकारी एवं राज्य प्रतिनिधि ने नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने की अपील की है।

### 22 ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** जिले में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम अंतर्गत 30 जून तक रासायनिक उर्वरकों के सीमित व समझदारी पूर्ण उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरुकता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड महासमुंद में 5 ग्राम पंचायत, बसना में 8, पिथौरा में 2 एवं सरायपाली में 7 कुल 22 ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषक चौपालों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से भूमि की प्राकृतिक उर्वरता एवं दीर्घकालिक उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती मिशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो पारंपरिक ज्ञान पर आधारित टिकाऊ एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य खेती पद्धति है। कार्यक्रमों में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती के लाभ, हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग, तथा जैविक उत्पादों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों'' के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई।

**बकमा में सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन**

# चौपाल में विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बकमा एवं कोना में गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जन चौपाल लगाकर आमजनों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए विधायक सिन्हा ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही बकमा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्य भी हुआ।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों में पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद कर रहे हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने गुरुवार को ग्राम बकमा में जन चौपाल लगाकर आमजनों से मुलाकात की। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। सर्वप्रथम उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।



इसके बाद उन्होंने ग्राम बकमा में साढ़े 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया। इसके पश्चात ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने गांव में सड़क निर्माण, शेड निर्माण, स्कूल भवन सहित अन्य मांगों को विधायक के समक्ष रखी। विधायक सिन्हा ने आवश्यकता अनुसार उनकी मांगों के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। अंत में उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किया। साथ ही नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया। पश्चात वें ग्राम कोना पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने अपनी मांगें उनके समक्ष रखी। विधायक सिन्हा ने उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने नव विवाहित जोड़ों को उपहार एवं नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन पटेल, ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार साहू, जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव, भाजपा मंडल महामंत्री साजन यादव एवं डॉ माखन सिन्हा सहित रमेश शर्मा, रूपलाल ध्रुव, डॉ दूज राम साहू, रोशन यादव, चेतन चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, गणेश ध्रुव बूथ अध्यक्ष, महेश ध्रुव, अनिल ध्रुव, भगवती भोई, पंचायत सचिव रेखराम चंद्राकार, रोशन यादव, तुलस राम ध्रुव, जनकराम ध्रुव, भेखलाल खड़िया सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# किसानों को निर्धारित दर पर उपलब्ध होंगे यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न रासायनिक उर्वरकों की कृषक विक्रय दर निर्धारित की गई है। निर्धारित दरों के अनुसार जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी, एसएसपी, जिंकटेड सहित नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उर्वरकों का विक्रय किया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि यूरिया उर्वरक का कृषक विक्रय दर 266.50 रुपये प्रति बोरी निर्धारित की गई है। वहीं डीएपी उर्वरक की दर कंपनी के अनुसार 1350 रुपए प्रति बोरी तक निर्धारित है। एनपीके उर्वरकों में 12:32:16 का मूल्य 1190 रुपए, 20:20: 0:13 का मूल्य 1850 रुपए एवं 12:26:26 की दर 1990 रुपए निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार एमओपी (पोटाश) की दर 1975 रुपए प्रति बोरी रहेगी।



एसएसपी पावडर, 551 एसएसपी दानेदार 591 रुपए, जिंकटेडएसएसपी पावडर 576 रुपए एवं टीएसपी 1300 रुपए दर तय की गई हैं, जिससे किसानों को बाजार में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए इफको नैनो यूरिया (500 मिलीलीटर बोतल) 225 रुपये तथा इफको नैनो डीएपी (500 मिलीलीटर बोतल) 600 रुपये की दर से उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विभाग ने सभी उर्वरक विक्रेताओं एवं समितियों को निर्देशित किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर ही उर्वरक उपलब्ध कराएं तथा अधिक मूल्य वसूली की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा खरीफ सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। निर्धारित दर से अधिक दाम पर विक्रय किए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसान भाई इसकी शिकायत नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय में कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव कन्हैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप-मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। उन्होंने निर्माणाधीन स्काईवॉक में बरती जा रही गंभीर वित्तीय और तकनीकी अनियमितताओं पर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि स्काईवॉक का निर्माण पिछले कई वर्षों से अटका हुआ था। जर्जर और कमजोर स्ट्रक्चर पर ही बिना किसी तकनीकी जांच के दोबारा टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

### सिंधी काउंसिल ने बांटा समर हेल्थ किट

**रायपुर।** माता साहिब हासा देवी (माता साहिब कौर) के 200वें जयंती के अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा टिंबर मार्केट में बुधवार को समर हेल्थ किट वितरण किया गया। सिंधी काउंसिल द्वारा भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से आम जनता, यात्रियों और कर्मचारियों को बचाने के लिए समर हेल्थ किट वितरण की शुरुआत की गई है। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया पांच स्थानों में हेल्थ किट वितरण की योजना है। इस विशेष अभियान में युवा विंग अध्यक्ष जीतू लोहाना की विशेष भूमिका है। किट वितरण के अवसर पर सूर्यांश जेठानी, महामंत्री सुनील कुकरेजा, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी, विनय वाधवा, सूर्यांश जेठानी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत प्रबुद्धजनों से संवाद, समसामयिक विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी के विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू सहित भाजपा पदाधिकारियों ने वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त संयुक्त पंजीयक सहकारिता शिवशंकर पटनायक से सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्षेत्र, प्रदेश एवं देश से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम घृतलहरे, मंडल महामंत्री जतिन ठक्कर एवं राजेश चौधरी शामिल रहे।

बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, क्षेत्रीय विकास, सामाजिक सरोकारों तथा आमजन की अपेक्षाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को जानने पर भी चर्चा हुई। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि भाजपा का जनसंपर्क अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अनुभवी एवं प्रबुद्ध



व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के अनुभव और सुझाव राष्ट्र निर्माण में उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं और सुझावों को संगठन एवं शासन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है तथा जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर ने कहा कि यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग की भावनाओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। भाजपा नेताओं ने बताया कि विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, व्यापारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय व्यक्तियों से संपर्क कर राष्ट्र एवं समाज के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक संवाद किया जा रहा है। इस अवसर पर जनहित एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।



# पीएम मोदी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए भाजपाइयों ने किया रुद्राभिषेक

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल नेतृत्व की कामना को लेकर विशेष पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान शिव का विधिवत अभिषेक एवं पूजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश की उन्नति, समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए भी भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ प्रभारी शंकर अग्रवाल, नगर पंचायत पिथौरा अध्यक्ष देवेश निषाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला सह-कोषाध्यक्ष प्रीतराम सूर्या, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गेश सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित, भाजपा कोषाध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोर पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री रोमन साहू, पोलेश मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रामकुंवर सिन्हा, महामंत्री वर्षा सोनी, निर्मला पिंपलकर, संध्या भोसले, वरिष्ठ भाजपा नेता रविदास गोयल, डॉ. संजय गोयल तथा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कुलजीत आज़मानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।



# तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर के पहले दिन उमड़ी भीड़

**महासमुंद।** महिला पतंजलि समिति द्वारा स्थानीय हनीड्यू स्कूल के प्रांगण में तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन ही नगर और कॉलोनीवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने शिविर में पहुंचकर योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि आधुनिक और भागदौड़ भरी जीवनशैली में निरोग रहने के लिए योग एकमात्र सशक्त माध्यम है। पूनम पटले ने कॉलोनीवासियों की भारी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी से अपील की कि वे आने वाले दो दिनों में भी इसी तरह बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इस शिविर का पूरा लाभ उठाएं। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर 13 जून तक नियमित रूप से हनीड्यू स्कूल परिसर में संचालित रहेगा।

# पाठ्य पुस्तक वितरण में किए जा रहे भेदभाव की निंदा

**महासमुंद।** ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे ने की। बैठक के दौरान छग शासन द्वारा पाठ्य पुस्तक वितरण में शासकीय तथा अशासकीय स्कूलों के बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक वितरण में किए जा रहे भेद-भाव की निंदा की गई। शासन द्वारा शासकीय स्कूल के बच्चों के लिए संकुल के माध्यम से पुस्तक वितरण करने की व्यवस्था की गई है। जबकि, अशासकीय विद्यालय के बच्चों के लिए रायपुर डिपो में वितरण करने की व्यवस्था की गई है। दो-तीन वर्षों का अनुभव है कि डिपो में दो-तीन जिलों के शिक्षण संस्था को बुलाया जाता है, वहां पर न पुस्तक वितरण के लिए पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी रहते है और न ही वहां पर पेयजल तथा बैठन की व्यवस्था की जाती है न ही वहां प्रसाधन की व्यवस्था है। एसोसिएशन ने मांग की है कि पुस्तक का वितरण शासकीय विद्यालयों की भांति प्राइवेट स्कूलों को भी संकूल में प्रदान किया जाए।

शासन द्वारा सत्र 2024-25 की राशि जिनका दस लाख से ऊपर है, जिनका वितरण महासमुंद जिले में अब तक नहीं किया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में किया जा चुका है। शासन से मांग किया गया है कि सत्र 2024-25 की राशि शीघ्र प्रदान किया जाए। साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगस्त माह में प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान किया जाए। बैठक में महामंत्री एम विश्वनाथन, सह सचिव संध्या वास्निक, राकेश श्रीवास्तव, महेन्द्र जैन, मनोहर मंहती, आरके तिवारी, सविता शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने तेजी से आगे बढ़ रहा देश : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मोदी के इन 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के साथ भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। विशेषकर अन्नदाता किसानों के कल्याण और जिले के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।



चंद्राकर ने कहा कि देश-प्रदेश के साथ ही जिला भी विकास से पीछे नहीं रहा। तुमगांव रोड ओवरब्रिज का निर्माण होने से वर्षों से लंबित मांग पूरी हुई, जाम से मुक्ति और आवागमन सुगम हुआ। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महासमुंद रेलवे स्टेशन का आधुनिक सुविधाओं के साथ कायाकल्प किया जा रहा है। बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग में भी ओवरब्रिज की स्वीकृति मिली, जिसका निर्माण प्रगति पर है। इससे निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। महासमुंद को अपना मेडिकल कॉलेज मिला, जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं और मेडिकल शिक्षा को नया आयाम मिला। महासमुंद में सिंचाई परियोजनाएं विकसित कर किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया गया है। महासमुंद में सड़क, रेल, स्वास्थ्य और किसान कल्याण के कार्यों से जनता के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। मोदी के कार्यकाल में देश के 50 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए। डीबीटी से 34 लाख करोड़ रु सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक मुफ्त इलाज, 35 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाया। डेढ़ लाख रुपए तक कौशलेश उपचार सुविधा ने गरीब परिवारों को संबल प्रदान किया है। उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली। स्वच्छ भारत व हर घर जल योजना के माध्यम से 12 करोड़ शौचालय और 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया। डिजिटल इंडिया व 5जी सिस्टम से यूपीआई ने दुनिया में भारत का परचम लहराया, गांव-गांव तक इंटरनेट पहुंचाया। राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाकर अनुच्छेद 370 हटाया गया। देवेंद्र ने कहा कि मोदी ने भारत को "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य की ओर मजबूती से बढ़ाया है। किसान मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता इन उपलब्धियों को घर घर तक पहुंचाएगा।

# पुण्यतिथि पर पं. विद्याचरण शुक्ल को कांग्रेसियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में देश के कद्दावर नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित विद्याचरण शुक्ल के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके महान राजनीतिक जीवन, राष्ट्र निर्माण और छत्तीसगढ़ राज्य के गठन में उनके ऐतिहासिक योगदान को विस्तार से याद किया।

### देशव्यापी नेता के रूप में छत्तीसगढ़ को दिलाई पहचानः द्वारिकाधीश

श्रध्दांजली सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल किसी एक क्षेत्र के नहीं, बल्कि पूरे देश के सर्वमान्य नेता थे। उनका राजनीतिक कद बेहद ऊंचा था। यादव ने कहा, विद्या भैया ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। जब इस अंचल को लोग ठीक से पहचानते भी नहीं थे, तब उन्होंने अपनी प्रशासनिक क्षमता और दूरदर्शिता से दिल्ली के गलियारों में छत्तीसगढ़ की एक विशिष्ट पहचान स्थापित की। उनका पूरा जीवन राष्ट्र और संगठन की सेवा में समर्पित रहा। उनका असमय जाना हमारे लिए एक ऐसी क्षति है, जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता।

### महासमुंद की पहचान थे विद्या भैयाः विनोद

पूर्व विधायक विनोद सेवालाल चंद्राकर ने शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें महासमुंद का गौरव बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, यदि आज महासमुंद को देश और दुनिया के राजनीतिक मानचित्र पर जाना जाता है, तो इसका पूरा श्रेय पंडित विद्याचरण शुक्ल को जाता है। वह महासमुंद की असली पहचान थे। उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए जो नीतियां बनाईं और जो कार्य किए, उसी की बदौलत आज हमारा जिला प्रगति की राह पर है। महासमुंद की जनता के दिल में उनके प्रति जो सम्मान है, वह हमेशा अमर रहेगा।

### महासमुंद की मिट्टी से था गहरा जुड़ाव सर्वाधिक बार बने सांसद: गुरमीत

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने पंडित विद्याचरण शुक्ल के संसदीय सफर और महासमुंद की जनता के साथ उनके अटूट रिश्ते पर प्रकाश डाला। चावला ने कहा, विद्या भैया हमारे इस अंचल के सर्वोच्च नेता थे। महासमुंद की माटी से उनका ऐसा अद्वितीय लगाव था कि यहां की जनता ने उन्हें रिकॉर्ड बार चुनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत (लोकसभा) में भेजा। उन्होंने केंद्र सरकार में रहते हुए कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला, लेकिन उनका दिल हमेशा महासमुंद की गलियों और यहां के गरीब-किसानों के लिए धड़कता था। उनका चुनाव लड़ने का तरीका और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद आज के नेताओं के लिए एक मार्गदर्शिका है।

### छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के संघर्ष के रहे मार्गदर्शक: संजय

जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने पंडित विद्याचरण शुक्ल के साथ बिताए गए अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक क्षण साझा किए। उन्होंने कहा, मुझे विद्या भैया के संरक्षण में काम करने का सौभाग्य मिला। वह जितने कड़े प्रशासक थे, कार्यकर्ताओं के लिए उतने ही सरल और सहज थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के आंदोलन में उनका संघर्ष और मार्गदर्शन अतुलनीय था। उन्होंने नए राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए अंतिम समय तक लड़ाई लड़ी। उनके साथ काम करते हुए हमने जो अनुभव प्राप्त किए, वही आज हमारी राजनीतिक पूंजी हैं। उनके दिखाए रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने शुक्ल के सिद्धांतों और उनके जन-कल्याणकारी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर द्वारिकाधीश यादव जिलाध्यक्ष एवं विधायक खल्लारी, गुरमीत चावला अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक, लक्ष्मण पटेल जिला प्रभारी महामंत्री, संजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, खिलावन बघेल शहर मंडल अध्यक्ष, निर्मल जैन शहर महामंत्री, भूपेंद्र ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, गणेश शर्मा, विजय बंजारे, सोमेश दवे, भारत ठाकुर, जसबीर ढिल्लो, तुलसी साहू, देवेश शर्मा, ढेलू निषाद, प्रदीप चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, अमन चंद्राकर, हार्दिक सोना, तबरेज खान, राशि महिलांग, सोनम बंसोड़, डॉ एजाज नकवी, हर्षित चंद्राकर, अनीश रजवानी, मनोहर ठाकुर, खोम सिन्हा, प्रकाश अजमानी, बसंत चंद्राकर, टोमन सिंह कागजी, शहजान पाशा, खोमेश साहू, अनुराग चंद्राकर, हेमसिंह नायक, भोलेनाथ गंधर्व, लीलू साहू, सुरेंद्र ठाकुर, गुलशन साहू, मोइन कुरैशी, परमानंद साहू, प्रहलाद ध्रुव, वेद प्रकाश साहू, छोटेलाल, तुलसीदास भानु सोनी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# चंगोराभाठा में बिना अनुमति निर्माण, 4 भवनों पर चला जेसीबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जोन 5 कमिश्नरी क्षेत्र का मामला

राजधानी के चंगोराभाठा क्षेत्र में पवार भवन के पीछे नगर निगम से बिना अनुमति निर्माणाधीन 4 भवनों में निगम के तोड़ूदस्ते ने बुधवार को जेसीबी मशीन लगाकर ढहाने अभियान चलाया।

इनमें योगेश पटेल के 1 हजार वर्गफीट निर्माणाधीन भवन, मोहन सिंह के 1000 वर्गफीट निर्माणाधीन भवन, इसी तरह नोहर सिंग और संदीप राय के 1000-1000 वर्गफीट निर्माणाधीन अनाधिकृत निर्माण को तोड़ गिराया। टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित चंगोराभाठा में निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर तोड़ूदस्ते ने बिना अनुमति निर्माणाधीन 4 भवनों में निर्मित दीवार, कॉलम, बीम, छज्जा सहित अन्य निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। यह कार्रवाई जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, जोन 5 सहायक अभियंता नागेश रामटेके, उप अभियंता नगर निवेश टिकेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में जिला यातायात पुलिस, मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 5 के नगर निवेश विभाग की टीम की उपस्थिति में की गई।

# रेस्टारेंट, मिठाई दुकान सहित 8 दुकानों पर 8,800 रु.का ई चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की सड़कों पर गंदगी फैलाने और स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने वालों पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम की टीम ने बुधवार को आमापारा चौक से विवेकानंद आश्रम मुख्य बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने और गंदगी मिलने पर किक्की रेस्टारेंट, जयराज स्वीट्स, अली बिरयानी, धमतरी मूंगबड़ा सहित 8 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 8,800 रुपए का ई चालान किया गया। इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर दिल्ली से आई केंद्रीय टीम द्वारा इन दिनों रायपुर शहर की सफाई की धरातल पर परख की जा रही है। स्वच्छता सर्वे को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व्यवस्था की निगरानी करते हुए जन शिकायत पर टीम भेजकर चालानी कार्रवाई कर रहा है।



### गंदगी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की

जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जीई रोड स्थित आमापारा चौक से स्वामी विवेकानंद आश्रम तक मुख्य बाजार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन शिकायत सही पाई गई और दुकानों के बाहर गंदगी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की गई। इस दौरान 4 फल दुकानों में भी गंदगी मिलने पर संबंधित संचालकों से कुल 800 रुपए का ई चालान किया। किक्की रेस्टारेंट पर 5 हजार रुपए, जयराज स्वीट्स पर 2 हजार रुपए, अली बिरयानी और धमतरी मूंगबड़ा संचालक पर 500-500 रुपए जुर्माना लगाया।

# जनसमस्या निवारण शिविर में हंगामा, कांग्रेस भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में बुधवार को सुशासन तिहार के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया। इस हंगामे के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद पुलिस बल एवं अधिकारियों ने बीच-बचाव करते हुए दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर शांत कराया। इस कार्यक्रम में शामिल होने ग्रामीण भाजपा विधायक मोतीलाल साहू भी पहुंचे थे, जिन्हें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन का सामना भी करना पड़ा। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के रावांभाठा में दोपहर 12 बजे से जिला प्रशासन ने जनसमस्या निवारण शिविर लगाया। इस शिविर में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्ड से लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्या और मांग से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगे हुए थे, जहां लोगों के आवेदनों पर उनका निराकरण भी किया जा रहा है, लेकिन शाम करीब 5 बजे जब क्षेत्र के विधायक

**बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के रावांभाठा में सुशासन तिहार अंतर्गत लगा शिविर**



### विधायक को करना पड़ा विरोध का सामना

कांग्रेसियों ने प्रदर्शन उस समय और तेज कर दिया, जब कार्यक्रम में शामिल होने वहां विधायक मोतीलाल साहू पहुंचे। कांग्रेसियों ने इस दौरान विधायक को भी कार्यक्रम स्थल तक जाने से रोकने का प्रयास किया। इसे देखते हुए वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ता भड़क उठे और कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास करने लगे। इस बात को लेकर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया, जो बाद में धक्का-मुक्की में बदल गया। दोनों के बीच धक्का-मुक्की होते देख पुलिस को बीच-बचाव कर उन्हें शांत कराना पड़ा। लगभग एक घंटे तक चले इस हंगामे के कारण कार्यक्रम भी ज्यादा देर तक चल नहीं पाया।

# शुल्क वृद्धि वापस लेने विरोध तेज, रविवि ने की है 46 प्रतिशत बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा परीक्षा शुल्क सहित अन्य मदों में वृद्धि का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन ने रविवि के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने 46 फीसदी परीक्षा शुल्क वृद्धि और हर साल 5% फीस बढ़ाने को छात्र विरोधी निर्णय बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। संगठन का कहना है कि परीक्षा शुल्क में एकमुश्त 46 फीसदी की भारी बढ़ोतरी करना और आगामी सत्र 2026-27 से हर साल 5% फीस बढ़ाने का निर्णय आत्मघाती और निंदनीय है।

**खबर संक्षेप**

## दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्धः सीएमएचओ

**महासमुंद।** जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में दवा की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य जांच सेवाओं के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि जिले के सभी उपस्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा नियमित रूप से मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित निगरानी एवं समीक्षा की जा रही है। ताकि, आमजन को बेहतर एवं निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती रहें। उन्होंने बताया कि कुछ स्वास्थ्य संस्थानों में प्रयोगशाला जांच के लिए उपयोग किए जाने वाले लैब रीजेंट की अस्थायी कमी की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसकी पूर्ति के लिए आवश्यक मांग तत्काल सीजीएमएससी को भेज दी गई है तथा रीजेंट उपलब्ध होते ही सभी जांच सेवाएं सामान्य रूप से संचालित की जाएंगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि किसी भी जानकारी के लिए तथा किसी प्रकार की शंका होने पर संबंधित स्वास्थ्य संस्था अथवा जिला स्वास्थ्य कार्यालय से संपर्क करें।

**पहल : आवेदनों के निराकरण की दी जा रही है जानकारी**

# हितग्राहियों से विभाग साध रहा सीधा संपर्क





हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के साथ-साथ हितग्राहियों को उनके प्रकरणों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा हितग्राहियों को फोन पर सूचना दी जा रही है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को सीधे फोन कर उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य केवल आवेदनों का निराकरण करना ही नहीं, बल्कि हितग्राहियों तक उसकी जानकारी समय पर पहुंचाकर शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करना है। इसके माध्यम से हितग्राहियों को अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति जानने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

इसी क्रम में जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत ग्राम मुनगाशेर के चंदन सोनकर को दूरभाष के माध्यम से सूचित किया गया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के अंतर्गत उनके पिता के साथ संयुक्त सर्वे सूची में शामिल है तथा आगामी प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। इस जानकारी से वे संतुष्ट नजर आए। वहीं ग्राम पंचायत पचरी के मोहित कुर्रे को बताया गया कि उनका मनरेगा जॉब कार्ड बन चुका है, जिसका क्रमांक 607 है। मोहित ने इस सूचना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि जनपद से फोन आने पर उन्हें बेहद खुशी हुई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मोंगरा की सुशीला धुव, उर्मिला एवं अन्य महिलाओं को भी उनके आवेदनों के निराकरण एवं मनरेगा जॉब कार्ड संबंधी जानकारी फोन पर दी गई। संबंधित हितग्राहियों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। महिलाओं ने इस निराकरण के लिए खुशी व्यक्त की है। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों से लगातार संपर्क स्थापित कर उन्हें उनके आवेदनों की स्थिति, स्वीकृति तथा लाभ वितरण की जानकारी दी जा रही है। इस प्रक्रिया से प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को नई मजबूती मिल रही है तथा सुशासन तिहार की भावना संवाद से समाधान व्यवहारिक रूप से साकार हो रही है। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण हो तथा उसकी जानकारी पारदर्शी और सहज तरीके से संबंधित हितग्राही तक पहुंचे, जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्रभावी रूप से मिल सके।

# शतरंज की बिसात पर निखरे नन्हें खिलाड़ियों के हुनर, प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर (शिखर समर कैंप) के अंतर्गत संचालित विशेष शतरंज प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर में जिले के 25 बाल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शतरंज के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, रणनीतियों और मानसिक एकाग्रता के महत्वपूर्ण गुणों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की प्रमुख प्रीति तथा नेशनल आर्बिटर एवं नेशनल कोच संदीप पटले विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागी बच्चों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जारी शासकीय प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर खेलों के प्रति निरंतर रुचि बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सात दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में नेशनल कोच संदीप पटले ने बच्चों को शतरंज की मूलभूत जानकारियों से लेकर उन्नत रणनीतियों तक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ओपनिंग, मिडिल गेम और एंड गेम की बारीकियों को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया। साथ ही खिलाड़ियों को तार्किक सोच, धैर्य, निर्णय क्षमता और एकाग्रता विकसित करने के व्यावहारिक उपाय भी बताए।

- **खेल विभाग द्वारा वितरित किए गए शासकीय प्रमाण पत्र, बच्चों का बढ़ाया उत्साह**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रीति ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शतरंज बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास का एक उत्कृष्ट माध्यम है। यह खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को ऐसे रचनात्मक खेलों से जोड़ने का आह्वान किया। शिविर के सफल संचालन में दीपक निर्मलकर एवं डोमेश्वरी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# लायंस क्लब महासमुंद की नई टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

लायंस क्लब महासमुंद की नई टीम का गठन वर्ष 2026-27 के लिए किया गया। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 वर्षों के बाद जनवरी माह में पुनः लायस क्लब महासमुंद का विधिवत उद्घालटन हुआ था, जिनका कार्यकाल जून 2026 तक था। लायंस क्लब के पदाधिकारीयों का कार्यकाल जुलाई से जून रहता है। इसी तारतम्य में पदाधिकारीयों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष लायन पारस चोपड़ा, प्रथम उपाध्यक्ष लायन धर्मेन्द्र महोबिया, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन नुकेश चंद्राकर, सचिव लायन शंकर पाण्डे, कोषाध्यक्ष लायन मूलचंद लढ्ढा, ट्विस्टर लायन बंटी चावला, टेमर लायन नासिर अली सैफी शामिल है। उपस्थित सभी लायन सदस्यों ने एक स्वर से लायंस क्लब महासमुन्द की सेवा गतिविधियोंको नए मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 21 को

**महासमुंद।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सफल, पारदर्शी और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 21 जून को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण परीक्षा में कुल 1,242 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।







## खबर संक्षेप

### दिशा की बैठक 18 को

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 18 जून को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिले में कोषालय का ऑडिट निरीक्षण

**महासमुंद।** जिला कोषालय में संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा बुधवार को ऑडिट कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक महेश कुमार शाकल्ले द्वारा कोषालय के विभिन्न अभिलेखों, पंजियों एवं विभागीय कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोषालय में संचालित सभी कार्य संतोषप्रद पाए गए। संयुक्त संचालक ने कोषालय के कार्यप्रणाली और अभिलेख संधारण की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय कुमार चौधरी, कोषालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### परमा एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में परमा एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस परमा एकादशी का दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस पावन अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होते हैं और जीवन की अनेक बाधाएं दूर होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु की आराधना के साथ परमा एकादशी व्रत कथा का पाठ करने से व्रत का पूर्ण फल प्राप्त होता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**कहर:** टिन शेड, विद्युत तार के अलावा कार्यालय में लगे टावर धराशायी

# बारिश, तेज आंधी-तूफान से गिरे पेड़ों के डंगाल, ब्लैकआउट रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा





क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। बुधवार की शाम करीबन 7 बजे गरज-चमक और अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई। ज्येष्ठ के महीने में भीषण गर्मी के बीच प्री मानसून के चलते तेज आंधी-तूफान ने पूरे क्षेत्र में मचाई तबाही। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि इसके सामने पेड़ पौधे घरों के टिन शेड, विद्युत तार और कनिष्ठ यंत्री कार्यालय नर्रा में लगे टावर भी टिक नहीं पाए। अंधड़ की रफ्तार तेज होने के कारण मेघनाथ यादव के टिन शेड घर पर टावर गिर जाने से मकान क्षतिग्रस्त होने की खबर है। रात भर ब्लैक आउट रही। इधर, उमस व भीषण गर्मी के कारण लोग रात रात भर ढंग से सो नहीं पाए। भीषण आंधी तूफान के कारण कोमाखान-खट्टी मार्ग पर पेड़ की डंगाल गिरने से आवागमन कुछ देर के लिए बाधित रहा और ग्रामीण इलाकों में दर्जनों विशालकाय पेड़ और उनकी भारी डालियां (डंगाल) टूटकर गिर गईं। चक्रवाती हवाओं के थपेड़ों से कई घरों के टिन शेड हवा में उड़ गए। सबसे बड़ा नुकसान विद्युत विभाग के बुनियादी ढांचे को हुआ है। तेज आंधी के दबाव में विद्युत विभाग के कार्यालय का टावर और बिजली के तार धराशायी हो गए हैं। इस वजह से पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई और पूरा इलाका अंधकार में डूब रहा। समाचार लिखे जाने तक नर्रा में दोपहर ढाई बजे तक विद्युत बहाल नहीं हो पाई थी।

तूफान के दौरान अंधेरे में मुख्य सड़कों के बीचो बीच पेड़ की डंगाल गिरने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। सुबह होते ही घर मालिकों ने पेड़ की डंगाल को काट कर हटाया गया। राहत की बात यह है कि टावर गिरते समय इस वक्त घर में कोई नही था। बारिश के समय सड़क पर कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा और दर्दनाक हादसा होने से बाल-बाल बच गया।

## आंधी-तूफान से दिव्यांग का घर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



क्षेत्र में बीती बुधवार शाम को तेज आंधी-तूफान और बारिश के साथ चक्रवाती हवाओं ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के पेड़ पौधे घरों के शेड धराशायी हो गए। यह पूरा मामला जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत बिंद्रावन के वार्ड नं 07 में निवासरत कुश बाई साहू और उनके दिव्यांग पति नरोत्तम साहू जो बचपन से मूकबधिर हैं का घर पूरी तरह से गिर गया, अब रहने-सोने का संकट खड़ा हो गया है। प्राकृतिक आपदा की सबसे बड़ी मार एक ऐसे परिवार पर पड़ी है, जिसके मुखिया बचपन से ही मूक-बधिर (बोलने और सुनने) में असमर्थ है। तेज हवाओं के दबाव के कारण कच्चे मकान की मलबा पूरी छत (बांस, बल्ली और शीट) टूट कर गिर गए। इस हादसे के बाद से मूक-बधिर पति और उनकी पत्नी और तीन बच्चों के सामने इस भीषण गर्मी और बदलते मौसम में रहने, सोने का एक गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### शासकीय योजनाओं से वंचित, आज तक नहीं मिला आवास

शासन-प्रशासन के सबके लिए आवास और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं में सबसे पहला हक दिव्यांग, अत्यंत गरीब और निराश्रित परिवारों का होता है। परंतु, हैरान करने वाली बात यह है कि इस बेहद पात्र और जरूरतमंद दिव्यांग परिवार को आज तक सरकारी आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सुध ली होती और इन्हें पक्का मकान मिल गया होता, तो आज इन्हें खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर नहीं होना पड़ता। शासन-प्रशासन से त्वरित सहायता और पक्के मकान की गुहार लगाई है।

# बस आवंटन में महासमुंद की उपेक्षा, भाजपा सरकार का सौतेला व्यवहार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि साय कैबिनेट ने प्रदेश में 240 ई-बसों के संचालन को मंजूरी दी है। ये बसें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में चलेंगी। लेकिन महासमुंद जिले को एक भी ई-बस नहीं दी गई। यह महासमुंद की जनता के साथ सरकार की उपेक्षापूर्ण व्यवहार को दर्शाता है।

चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद की जनता ने भाजपा को दो विधायक दिए। लोकसभा में भी भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर भेजा। इसके बावजूद साय सरकार हर योजना में महासमुंद को नजरअंदाज कर रही है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि के कारण बस यात्रियों को भारी किराया वहन करना पड़ रहा है। 50 किलोमीटर के सफर में सीधे 25 से 30 रुपए किराए में वृद्धि होने से आम यात्रियों, छात्रों और मजदूरों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर सरकार ने पहले ही जनता को महंगाई के बोझ तले दबा दिया है। अगर महासमुंद को ई-बस की सुविधा मिल जाती तो यहां के लोगों को भी सस्ती, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सुविधा मिलती। लेकिन, सरकार ने महासमुंद के लोगों से यह राहत भी छीन ली।



उन्होंने सरकार पर जनादेश का अपमान का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि जब महासमुंद ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया, तो विकास में हिस्सेदारी क्यों नहीं दिया जा रहा। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, कोरबा को ई-बस और महासमुंद के साथ दोहरा मापदंड क्यों अपनाया गया। क्या महासमुंद छत्तीसगढ़ का हिस्सा नहीं है? चंद्राकर ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि ई-बसें प्रदूषण कम करेंगी और जनता को सस्ती परिवहन सुविधा देंगी। महासमुंद के लोगों को स्वच्छ परिवहन का अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा। साय सरकार केवल चुनिंदा शहरों के विकास की बात करती है। महासमुंद, जो कृषि और व्यापार का बड़ा केंद्र है, उसे हर बार दरकिनार किया जाता है। यह सरकार की क्षेत्रीय असंतुलन की नीति को दिखाता है।

चंद्राकर ने कहा कि हम मांग करते हैं कि कैबिनेट के फैसले पर पुनर्विचार हो। महासमुंद को उसकी जनसंख्या और जरूरत के हिसाब से ई-बसों का कोटा तुरंत दिया जाए। भाजपा ने वोट तो महासमुंद से ले लिया, पर विकास देने की बारी आई तो पीठ दिखा दी। महासमुंद की जनता यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक इस भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएगी।

# आदर्श शहर समृद्धि योजना में महासमुंद पालिका शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**2026-27 में 200 करोड़ का बजट प्रावधान, नपा उपाध्यक्ष व पार्षदों ने जताया आभार**



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में आदर्श शहर समृद्धि योजना प्रारम्भ कर 2026-27 में लगभग 200 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भाजपा प्रदेश व स्थानीय नेताओं का नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी सहित अन्य ने आभार माना। नपा प्रतिनिधियों ने कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का शहर विकास के लिए सतत प्रयास जारी रहा। परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ शासन ने महासमुन्द नगरपालिका को शहरी समृद्धि योजना में शामिल किया है। राठी ने आगे बताया कि भाजपा सरकार की योजना है कि बड़े नगरों की तरह छोटे शहरों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। नगरीय निकायों के समग्र विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित भारत निर्माण के संकल्प में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। इससे शहर के सभी वार्डों का समान विकास होगा। मूलभूत सुविधा जनता को उपलब्ध होगी। प्रकाश, पानी, सफाई तथा विकास कार्यों पर फोकस होगा। आदर्श शहर समृद्धि योजना में सड़क, ड्रेनेज, जल आपूर्ति, परिवहन, पार्क, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवाएं, रोजगार, व्यापार, उद्यमिता प्रोत्साहन, ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक, सुरक्षा प्रणाली, हरित क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण जैसे अन्य कार्य कराए जाने हैं।

# राशन कार्ड संबंधी 3936 आवेदनों का किया गया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार-2026 के तहत जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों द्वारा आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया है।

इसी तारतम्य में सुशासन तिहार के दौरान खाद्य विभाग को राशनकार्ड से संबंधित प्राप्त कुल 3936 आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण एवं निराकरण किया गया। जिसके माध्यम से कुल 1301 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी तेजपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि 41 समाधान शिविरों में राशनकार्ड से संबंधित कुल 3936 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण के तहत 1127 नए सदस्यों के नाम राशनकार्ड में जोड़े गए। इसी तरह पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 674 बीपीएल श्रेणी तथा 627 एपीएल श्रेणी के नए राशनकार्ड जारी किए गए, जिससे कुल 1301 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए है। इसके अलावा पारिवारिक परिस्थितियों में परिवर्तन होने के कारण 255 राशनकार्डों में मुखिया परिवर्तन की कार्रवाई भी की गई। ग्राम भिथीडीह के निवासी नाथूराम, सुरेश पहाड़िया, अशोक कुमार पहाड़ियाा ने राशन कार्ड मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा कि शासन की संवेदनशील पहल से आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके घर के नजदीक ही हो रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हुई है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राशन कार्ड बनने से अब खाद्यान्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों के समयबद्ध निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविरों एवं विभागीय स्तर पर की गई सतत मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप आवेदनों का निराकरण किया गया है। इससे नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिली तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सका।

# नगर के सितली नाला का हो रहा कायाकल्प एनीकट पर पुल निर्माण की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर के ऐतिहासिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरण को नया जीवन देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। स्वाध्याय केंद्र और सहयोगी संस्था कृष्ण गोपाल बालाजी सेवा समिति महासमुंद के तत्वावधान में अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान का कार्य पूरी भव्यता के साथ प्रारंभ हो चुका है। इस पुनीत अभियान के अंतर्गत महासमुंद के सितली नाला क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण और नव-निर्माण का कार्य संचालित किया जा रहा है। यह संपूर्ण जनहितैषी कार्य क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय अशोक चौरड़िया की स्मृति में कराया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में सितली नाला के ऊपर बने एनीकट पर मजदूरों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ कार्य किया जा रहा है। एनीकट के दोनों तटों पर मजबूती प्रदान करने के लिए सीमेंट, गिट्टी और कंक्रीट का मसाला बनाकर ढलाई का कार्य प्रगति पर है। निर्माण समिति की देखरेख में चल रहा यह कार्य अपने अंतिम चरणों में है और उम्मीद जताई जा रही है कि यह जल्द ही पूरी तरह से संपन्न हो जाएगा।

महासमुंद के पूर्व विधायक व समिति के संस्थापक सदस्य डॉ विमल चोपड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि एनीकट के जीर्णोद्धार के साथ-साथ इसके ऊपर एक मजबूत पुल निर्माण करने की तैयारियां भी जोरों पर हैं। इसके लिए एनीकट के गेट के ऊपरी हिस्से में आवश्यक बेस (गड्ढे) तैयार किए जा रहे हैं, ताकि लोहे के पुल का निर्माण पूरी मजबूती के साथ ऊपर किया जा सके। इस पुल के बन जाने से नाले के दोनों तटों का संपर्क सुदृढ़ होगा और सितली क्षेत्र का सौंदर्य काफी बढ़ जाएगा। समिति के सचिव मोहन साहू, सहसचिव चंद्रशेखर साहू सहित स्वाध्याय केंद्र परिवार के सदस्यों ने महासमुंद के समस्त शहरवासियों व प्रबुद्ध नागरिकों से इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने का आग्रह किया है। समिति ने अपील की है कि यह अभियान पूरे महासमुंद के जल और पर्यावरण संरक्षण का महायज्ञ है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से सीधे जुड़ें और अपनी स्वेच्छा से तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करें ताकि सितली नाला को उसका प्राचीन, स्वच्छ और अविरल स्वरूप वापस मिल सके।

# शहर में कांग्रेस भवन के समीप बनेगा व्यवसायिक परिसर, महामाया तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में गुरुवार की पूर्वान्ह 11 बजे प्रेसीडेंट इन काउंसिल की बैठक आहूत की गई। बैठक में अध्यक्ष साहू द्वारा कुल 18 एजेंडे पीआईसी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्ष साहू के बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक कार्यशैली के परिणाम स्वरूप सभी सदस्यों ने एकमत होकर जनहित के प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की।

बैठक में पीआईसी मेंबरों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि अब तक आप सभी के समन्वय व सहयोग से नगर हित में पालिका निर्णय लेती रही है। आगे भी इसी प्रकार की सहयोग अपेक्षित है। हमारा प्रयास नगर के साथ–साथ पालिका को भी सुदृढ़ बनाना है। इसके लिए समय समय पर विभिन्न मुद्दों को पीआईसी और परिषद के समक्ष रखकर शहर विकास का ख़ाका तैयार किया जाता है। बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें वार्ड क्र. 28, 23, 11, 20 एवं 15 में डोम शेड, नाली, मुक्तिधाम उन्नयन, उद्यान व महामाया तालाब सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति, वार्ड 20 में कांग्रेस भवन के पास व्यावसायिक परिसर निर्माण, जाति एवं निवास के प्राप्त आवेदनों पर निर्णय एवं पुष्टि, भवन/ भूमि एवं दुकान नामांतरण प्रकरणों का निराकरण, बरोंडा चौक से कलेक्टर कॉलोनी तक वाल्व चैंबर शिफ्टिंग एवं वार्ड 05, 12, 23, 27 में बोर खनन, बेलसोंडा फिल्टर प्लांट एवं मुढ़ेना इंटेकवेल में मोटर पम्प, पैनल बोर्ड व ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य, फेरिक एलम ग्रेड-4 हेतु राशि 4, 99, 499 रुपए के भुगतान की स्वीकृति, रिक्त सहायक ग्रेड-2 एवं ग्रेड-3 के पदों को पदोन्नति से भरे जाने पर सहमति आदि एजेंडों पर चर्चा पश्चात निर्णय लिए गए।



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि पारित सभी प्रस्ताव शहर के सर्वांगीण विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। नगर पालिका परिषद जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापतिगण ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी संजय भोई, गुलशन साहू, जय देवांगन, सूरज नायक, जितेंद्र ध्रुव, सीएमओ सौरभ शर्मा, अभियंता हेमंत पिस्दा, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, राजस्व प्रभारी गुमान ध्रुव, लेखपाल करण यादव, पीडब्लूडी नरेश ध्रुव, विद्युत प्रभारी सीताराम तेलक, सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनीं अनुसुइया



**महासमुंद।** जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के जल संसाधन नदी विकास, गंगा संरक्षण विभाग से जारी हिंदी श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली 29 मई 2026 के कार्यालय विज्ञापन के अनुसार डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद को पुनर्गठित हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। भारत का राजपत्र असाधारण भाग-1, खंड-1 प्राधिकार से प्रकाशित जल शक्ति मंत्रालय की शुद्धि पत्र में यह संकल्प संख्या प्रकाशित की गई है। तदअनुसार भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गठित हिंदी सलाहकार समिति में अध्यक्ष जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, उपाध्यक्ष जलशक्ति राज्य मंत्री बी सोमन्ना, गैर सरकारी सदस्य संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित लोकसभा के दो संसद सदस्य शंकर लालवानी एवं कृपानाथ मल्लाह, राज्यसभा से दो संसद सदस्य संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित दो संसद सदस्य, केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद एवं अखिल भारतीय हिंदी संस्थाओं के प्रतिनिधि को सदस्य मनोनीत किया गया है। इसी क्रम में मंत्रालय द्वारा नामित गैर सरकारी सदस्य के रूप में राष्ट्रीय स्तर के चार महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राध्यापक को शामिल किया गया है। जिसमें जिले के एकमात्र स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद की प्राचार्य डॉ. अग्रवाल को सदस्य नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त राजभाषा विभाग द्वारा सरकारी सदस्य अनेक विभागों के अवर सचिव, संयुक्त सचिव अध्यक्ष, निदेशक, महानिदेशक आदि को भी शामिल करते हुए 38 विशिष्ट व्यतियों की यह समिति बनाई गयी है। विदित हो कि यह समिति सरकारी प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रगामी प्रयोग और संबद्ध मामलों पर जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निरंतर सलाह देगी। तदअनुसार विभाग अपनी कार्य को अंजाम देगा। इस समिति का कार्यकाल 03 वर्ष अथवा पद पर बने रहने तक का होगा। यह भी विदित हो कि समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा। परंतु दिल्ली के बाहर भी बैठक आयोजित की जा सकती है। उल्लेखनीय और विशेष बात यह है कि इस संकल्प को जन साधारण की जानकारी के लिए राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। डॉ. अनुसुइया छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सर्वोच्च समिति विद्या परिषद एवं कार्य परिषद मे भी कुलपति द्वारा नामित सदस्य है। डॉ. अनुसुइया के नामित होने पर जिले के शिक्षाविदों, साहित्यकारों, नागरिकों, शुभचिंतकों, महाविद्यालय स्टाफ एवं परिवार के सदस्यों ने हर्ष जताया है।